**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।**

पत्रांक बे0शि0/पार0स्थाना0/ 6471-77 /2023-24 दिनांक 07.01.2024

**समस्त,**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**जनपद-बलरामपुर।**

**विषयः-** पारस्परिक अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण एवं अन्तःजनपदीय पारस्परिक स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक कृपया सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के आदेश पत्रांक बे0शि0प0/37329-407/2023-24 दिनांक 29.12.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं की अन्तर्जनपदीय पारस्परिक स्थानान्तरण एवं अन्तः जनपदीय पारस्परिक स्थानान्तरण हेतु राष्ट्रीय सूचना विभाग केन्द्र उ0प्र0 लखनऊ द्वारा विकसित पोर्टल पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन के उपरान्त शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा जोड़ा बनाने की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त शासनादेश संख्या 68-5099/81/2022-5 दिनांक 20.01.2023 एवं सचिव, उ0प्र0 बेसिक परिषद प्रयागराज के आदेश पत्रांक 12400-552/2023-24 दिनांक 14.06.2023 के क्रम में कार्यमुक्त /कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही दिनांक 11.01.2024 से 13.01.2024 तक करायें जाने का निर्देश प्रदान किया गया है।

उपरोक्त के अनुपालन में अवगत कराना है कि अपने-अपने विकास खण्ड के पारस्परिक अन्तर्जनपदीय/अन्तःजनपदीय स्थानान्तरण प्रक्रिया सत्र 2023-24 में जोड़ा (Pair) बनाने वाले शिक्षक एवं शिक्षिका को निर्देशित करे कि वर्तमान समय में आपसी सहमति का मूलशपथ-पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न कर आनलाइन जोड़ा बनाने का स्वप्रमाणित प्रति, पहचान पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति तथा रू0 10/- का फोटोयुक्त नोटरी शपथ-पत्र (सहमति), नियुक्ति पत्र तथा जनपद में कार्यभार ग्रहण आख्या एवं शिक्षक/शिक्षिका द्वारा यह भी अवगत कराया जायेगा कि उसके विरूद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय कार्यवाही विद्यमान/लम्बित है अथवा नहीं अभिलेख, दिनांक 10.01.2024 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(कल्पना देवी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बलरामपुर। 7/01

**पृष्ठांकन व दिनांक उपरोक्तानुसार**

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0 लखनऊ।
3. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज।
4. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बलरामपुर।
5. सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) देवीपाटन मण्डल गोण्डा।
6. प्रधानाचार्या, राजकीय बालिका इण्टर कालेज उतरौला-बलरामपुर।
7. वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा-बलरामपुर।
8. सम्बन्धित सहायक शिक्षक/शिक्षिकाओं को अनुपालनार्थ।
9. कार्यालय प्रति।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बलरामपुर।